# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 25 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-58


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बफर जोन में बमबारी से एक टीचर और चार बच्चों की मौत

बेरुत (आरएनएस)। सीरियाई शासनबलों ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके के बफर जोन (मध्यवर्ती क्षेत्र) में गोलाबारी की, जिसमें सात बच्चों सहित कुल नौ नागरिक मारे गए हैं। मानवाधिकार संगठन सीरियन ऑब्ज़रवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने यह जानकारी दी। संगठन ने बताया कि ये गोले उत्तर पश्चिमी प्रांत इदलिब के जारजनाज शहर में एक स्कूल के पास गिरे, जिसमें एक अध्यापक और चार बच्चे मारे गए। संगठन के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने बताया कि हमले के वक्त ये सभी लोग स्कूल से बाहर निकल रहे थे।

### सीरिया में आतंकवादियों ने दागे क्लोरीन के गोले, 9 लोगों की मौत 65 बीमार

दमिश्क (आरएनएस)। सीरिया के अलेप्पो के रिहायसी क्षेत्र में आतंकवादियों के क्लोरीन से भरे गोले दागे जिसके कारण 9 नागरिकों की मौत और 65 अन्य बीमार हो गए।

### युगांड में नाव हादसा, 10 की मौत 40 को बचाया गया

कंपाला (आरएनएस)। मध्य युगांडा के मुकोनो जिले में स्थित विक्टोरिया झील में नाव हादसे में शनिवार को 10 लोगों की मौत हो गई तथा 40 से अधिक अन्य लोगों को बचा लिया गया।

### इराक के वासिट प्रांत में बाढ़ से छह लोगों की मौत

बगदाद (आरएनएस)। इराक के पूर्वी प्रांत वासिट में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

### जनता को भ्रमित कर रहे हैं अमित शाह : कांग्रेस

जयपुर (आरएनएस)। कांग्रेस ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर आरोप लगाया कि उन्होंने बजट के बारे में गलत आंकड़े देकर राज्य की जनता को भ्रमित किया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शाह द्वारा बीकानेर में दिये इस बयान को भ्रमित करने वाला बताया जिसमें भाजपा अध्यक्ष ने कहा था कि कांग्रेस सरकार के आखिरी बजट की राशि 94 हजार करोड़ रुपये थी जबकि भाजपा सरकार के आखिरी बजट की राशि बढ़कर 2.12 लाख करोड़ रुपये हो गई।

### मंदिर में बच्ची को बलि देने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

नालंदा (आरएनएस)। रविवार सुबह खण्डकपर नीलकंठ मंदिर में एक व्यक्ति ने चार साल की बच्ची की बलि देने कोशिश की है। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने उसे बचाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। ग्रामीण कारू गोप ने बताया कि मंदिर से बच्ची के जोर-जोर से रोने की आवाज आ रही थी। रोने की आवाज सुन एक शख्स मंदिर में गया तो देखा कि एक बदमाश हाथ में फरसा लिए बच्ची को बलि देने की कोशिश कर रहा है। उसने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग गया। लोगों ने काफी दूर तक पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मोदी आएगा और चला जाएगा, लेकिन देश अटल रहेगा

## मन की बात में बोले पीएम मोदी




नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर यानी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से मन की बात की। इस रेडियो कार्यक्रम के 50वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा, 3 अक्टूबर 2014 को विजयदशमी के पावन मौके पर शुरू हुआ यह सफर आज 50 एपिसोड पर पहुंच गया। पीएम ने देशवासियों और मीडिया को धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा,मुझे बड़ा ही आश्चर्य हुआ कि इस जंगल के सुनसान इलाके में, बर्फीली पहाड़ियों के बीच, एक सामान्य इंसान जो चाय का ठेला लेकर अपना काम कर रहा है और दिन-भर रेडियो सुनता रहता होगा और उस रेडियो की खबर का उसके मन पर इतना असर था, इतना प्रभाव था और तब से मेरे मन में एक बात घर कर गयी थी कि रेडियो जन-जन से जुड़ा हुआ है और रेडियो की बहुत बड़ी ताकत है।

पीएम ने बताया कैसे उनके मन में आया मन की बात कार्यक्रम का विचार पीएम मोदी ने कहा, कई लोग जानना चाहते हैं कि मन की बात कार्यक्रम का विचार मेरे मन में किस तरह आया। आज मैं आपके साथ यह साझा करना चाहता हूं। पीएम मोदी ने कहा, ये 1998 की बात है, मैं भारतीय जनता पार्टी के संगठन के कार्यकर्ता के रूप में हिमाचल में काम करता था। मई का महीना था और मैं शाम के समय सफर करता हुआ किसी और स्थान पर जा रहा था। वहां एक व्यक्ति ने कहा, आपको मालूम नहीं क्या? अरे बहुत बड़ी खुशी की बात है वो ऐसा उछल रहा था, ऐसा उमंग से भरा हुआ था, तो मैंने कहा क्या हुआ! अरे बोले आज भारत ने बम फोड़ दिया है। मैंने कहा भारत ने बम फोड़ दिया है! मैं कुछ समझा नहीं! तो उसने कहा- देखिये साहब, रेडियो सुनिये। तो रेडियो पर उसी की चर्चा चल रही थी। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, मई 2014 में जब मैंने एक प्रधान-सेवक के रूप में कार्यभार संभाला तो मेरे मन में इच्छा थी कि देश की एकता, भव्य इतिहास, उसका शौर्य, भारत की विविधताएं हमारे समाज के रग-रग में समाई अच्छाइयां, पुरुषार्थ, जज़्बा, त्याग, तपस्या इन सारी बातों को,जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। पीएम मोदी बोले- जब मन की बात शुरू किया था तभी मैंने तय किया था कि न इसमें पॉलिटिक्स हो, न इसमें सरकार की वाहवाही, और न इसमें कहीं मोदी हो और मेरे इस संकल्प को निभाने के लिए सबसे बड़ा संबल, सबसे बड़ी प्रेरणा आप सबसे मिली।

# बीते 72 घंटों में सुरक्षा बलों ने ढेर किए 16 आतंकी

## ऑपरेशन ऑलआउट



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के सामने आतंकियों के हौसले पस्त हो गए हैं। हर दूसरे दिन छुपकर वार करने वाले आतंकियों को सुरक्षा बलों के जवान अब घेरकर और चुन-चुनकर मौत के घाट उतार रहे हैं। इससे आतंकी बुरी तरह बौखलाए हुए हैं और स्थानीय लोगों पर हमले करने से भी बाज नहीं आ रहे। बीते 72 घंटों में ही सुरक्षा बलों ने अलग-अलग एनकाउंटर्स में कुल 16 आतंकियों को ढेर किया है।

रविवार की सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरकर ढेर किया। जब पहले कुलगाम और फिर शोपियां जिले में आतंकी ढेर किए गए। कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि चारों आतंकवादी दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले के हिपुरा बाटागुंड क्षेत्र में मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन के बारे में पता लगाया जा रहा है। एक खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया था।

### शोपियां में भी सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

इसी समय शोपियां में जारी एनकाउंटर में भी सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली। शोपियां जिले के कपरान बटागुंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों को आतंकियों के छुपे होने की सूचना के बाद जवानों ने ऑपरेशन शुरू किया था। दोनों ओर से गोलीबारी के बाद शुरू हुई मुठभेड़ के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई थी। कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने छह आतंकियों को ढेर कर दिया है, वहीं एक जवान भी यहां शहीद हो गया। लगातार कार्रवाई में साथियों की मौत के बाद आतंकी बौखलाए हैं। इसी के चलते आतंकवादियों ने पिछले हफ्ते दक्षिण कश्मीर में भी सुरक्षा बलों का मुखबिर होने के शक में दो लोगों की हत्या कर दी थी।

### अनंतनाग में ढेर किए थे 6 हिज्बुल आतंकी

वहीं, राज्य के अनंतनाग में बीते शुक्रवार को सेना के ऑपरेशन ऑलआउट के तहत बिजबेहरा इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकी मारे गए थे। बिजबेहरा के सेकिपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने के इनपुट्स मिलने के बाद सुरक्षाबलों के साथ यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। मारे गए आतंकियों के लिंक लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल से जुड़े बताए जा रहे थे और इनमें से एक आतंकी अजाद मलिक पत्रकार शुजात बुखारी की हत्या में वॉन्टेड था।

# अयोध्या में आतंकी अलर्ट, साधु के भेष में आ सकते हैं आतंकी, ट्रेन यात्रियों पर कड़ा पहरा



नई दिल्ली (आरएनएस)।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण मुद्दे को लेकर उमड़े जनसैलाब के बीच आतंकी खतरा भी है। इसे लेकर आइबी के अलर्ट पर यूपी पुलिस ने सतर्कता और बढ़ा दी है। खासकर 25 नवंबर को संतों की धर्मसभा में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने के दौरान अधिक खतरे की बात कही गई है। आशंका है कि आतंकी भीड़भाड़ में साधु की वेशभूषा में भी घुसपैठ कर सकते हैं।

आतंकी खतरे की वजह से अयोध्या में खासकर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के विशेष कमांडो तैनात किए गए हैं। साथ ही, खुफि या तंत्र को और अधिक सक्रिय कर दिया गया है। आइबी ने करीब एक सप्ताह पहले अलर्ट जारी किया था, जिसके बाद से ही यूपी पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं। विशेषकर ट्रेनों से आने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बताया गया कि 25 नवंबर को अयोध्या में करीब दो लाख लोगों के जुटने का अनुमान है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का दावा एक लाख लोगों के जुटने का है।

# प्ले के दौरान लड़की ने दी अजान, हुआ बवाल



कोझिकोड (आरएनएस)। केरल के कोझिकोड जिले में एक लड़की द्वारा स्कूल में प्ले के दौरान अजान दिए जाने को लेकर मुस्लिम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। परंपरागत तौर पर इस्लाम में अजान किसी पुरुष के द्वारा ही दी जाती है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्कूल में जो प्ले किया गया, वह मुस्लिम जीवनशैली का अपमान था।

दरअसल में बुधवार को मेमुंडा उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्टूडेंट्स ने आर उन्नी द्वारा लिखी गई स्टोरी पर वाडकारा में डिस्ट्रिक्ट स्कूल आर्ट फेस्टिवल के दौरान प्ले परफॉर्म किया था।

# राफेल मामले की चोरी ने फ्रांसीसी सरकार को भी मुश्किल में डाल दिया : राहुल



नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर शनिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर फिर निशाना साधा और कहा कि इस चोरी ने अब फ्रांस की सरकार को भी मुश्किल में डाल दिया है। गांधी ने किया हमारे चौकीदार की चोरी ने फ्रांस की सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। राफेल सौदे को लेकर अब फ्रांस की जनता जाँच की माँग कर रही है। उन्होंने दावा किया गली-गली तक ही नहीं, पूरे विश्व में ये शोर है, हिंदुस्तान का चौकीदार चोर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने जो खबर शेयर की है उसमें कहा गया है कि फ्रांस के एक एनजीओ ने राफेल मामले को लेकर वहां के लोक अभियोजक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। एनजीओ ने तथ्यों की गंभीरता से जांच कर यह स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने की मांग की है कि आखिर किन नियम कायदों के जरिए भारत और फ्रांस के बीच 36 राफेल विमानों का सौदा हुआ।

# दिल का दौरा पड़ने से कन्नड़ अभिनेता अंबरीश का निधन



बेंगलुरू (आरएनएस)। कन्नड़ अभिनेता एवं नेता अंबरीश का दिल का दौरा पड़ने से यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबरीश को सांस लेने में शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था जहां शनिवार रात उनका निधन हो गया।

# न्यूजीलैंड में 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके

न्यूयार्क (आरएनएस)। न्यूजीलैंड में रिक्टर से 261 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण केंद्र ने बताया कि भूकंप के झटके देर रात 23 बजकर 42 मिनट पर महसूस किये गए तथा इसका केंद्र धरती के 10 किलोमीटर नीचे 47.9307 दक्षिण आक्षांश तथा 165.46 डिग्री पूर्व देशांतर में स्थित था।

# लीबियाई सेना ने मार गिराए आईएस के 12 आतंकी

त्रिपोली (आरएनएस)। खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के साथ देशों की जंग जारी है और इस क्रम में आईएस पर लगातार हमला किया जा रहा है। अब खबर आई है कि लीबिया की सेना ने संयुक्त अभियान के दौरान ताजेरबू के पास इस्लामिक स्टेट के 12 आतंकियों को मार गिराया है।

आतंकियों पर किए गए इस रणनीतिक हमले में आईएस आतंकियों के वाहनों को नष्ट किया गया और उनके पास मौजूद हथियारों और गोला-बारूद को ज़ब्त कर लिया गया।

# 26/11 जैसा वाकया दुहराने के भरपूर प्रयास में रहता पाक

## मुंबई पुलिस कमिश्नर की राय



मुंबई (आरएनएस)। मुंबई को इस्लामिक स्टेट (आईएस) से ज्यादा पाकिस्तान से आतंकी हमले को लेकर तैयार रहने की जरुरत है। यह कहना है मुंबई के पुलिस कमिश्नर सुबोध जयसवाल का। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 26/11 के मुंबई हमले के 10 वर्ष बाद भी यह वाकया दुहराने के भरपूर प्रयास में रहता है। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को अजमल कसाब समेत लश्कर-ए-तैयबा के कुल 10 आतंकवादियों ने मुंबई पर हमला बोल कर 166 लोगों की जानें ले ली थीं।

देश की इंटेलिजेंस एजेंसी में प्रमुख पदों पर कार्यरत रहे जयसवाल ने कहा कि इन 10 सालों में मुंबई पुलिस ने व्यवस्था, प्रक्रिया, अभ्यास, असलहों एवं इन सबसे ऊपर ऐसी किसी भी हालत से निपटने के मामले में कई सुधारों को अंजाम दिया है।

# एक हों मुस्लिम देश, सऊदी को बताया भाई



तेहरान (आरएनएस)। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने शनिवार को विश्व भर के मुसलमानों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अमेरिका के विरूद्ध एक हों। उन्होंने सऊदी लोगों को 'भाई' बताते हुए कहा है कि उन्हें तेहरान से डरने की आवश्यकता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2015 में प्रमुख शक्तियों के मध्य हुए ऐतिहासिक परमाणु समझौते से मई में बाहर आने की घोषणा की थी। इसके बाद अमेरिका ने ईरान पर व्यापक प्रभावों वाले प्रतिबंध एकपक्षीय ढंग से लगा दिए थे। रूहानी ने यहां आयोजित इस्लामिक एकता सम्मेलन में कहा, 'आज अमेरिका चाहता है कि पश्चिम एशिया उसका गुलाम हो जाए।'

उन्होंने कहा, 'अपराधियों के लिए लाल कालीन बिछाने की बजाय मुसलमान सरकारों को अमेरिका और 'क्षेत्र की कैंसर की गांठ' इस्राइल के खिलाफ एक हो जाना चाहिए। शिया बाहुल्य वाले ईरान के सुन्नी प्रतिस्पर्धी सऊदी अरब से उन्होंने कहा कि वह 'अपमानजनक' अमेरिकी सहायता को लेना बंद करे। रूहानी ने कहा, 'हम सऊदी लोगों के हितों की आतंकवाद और अत्यधिक शक्तिशालियों से अपनी पूरी क्षमता से सुरक्षा करने के लिए तैयार हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम इसके लिए 450 अरब अमेरिकी डॉलर नहीं चाहते और आपका अपमान नहीं करेंगे।' रियाद ने जनवरी 2016 में तेहरान के साथ अपने राजनयिक संबंधों को तोड़ लिया था।